ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 34

वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

कहा- धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं



वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।'

केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं।

संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

केंद्र के हलफनामें में 7 बड़ी दलीलें

अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है।

इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है।

संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।


संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसे धार्मिक बंदोबस्त का प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे।

निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है।

मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई।

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध विधायी शक्ति का वैध प्रयोग है।

चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का मुनाफा 1% घटा:135 रुपए लाभांश देगी कंपनी; नतीजे उम्मीद से कमजोर, शेयर गिर सकता है



24 न्यूज अपडेट


ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 42,431 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 7% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 39,655 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

कुल कमाई में से सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 3,911 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। यह 2024 के जनवरी-मार्च तिमाही से 1% कम है। पिछले साल कंपनी को 3,952 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

रेवेन्यू 6.37% बढ़कर 40,920 करोड़ रहा

चौथी तिमाही में कंपनी को प्रोडक्ट और सर्विस बेचकर 40,920 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू हासिल हुआ। सालाना आधार पर यह 6.37% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 38,471 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

सेंसेक्स 589 अंक गिरकर 79,212 के स्तर पर बंद:निफ्टी में 207 अंक की गिरावट; भारत-पाक टेंशन से लगातार दूसरे दिन गिरा बाजार



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन आज यानी शुक्रवार, 25 अप्रैल को सेंसेक्स 589 अंक या 0.74% गिरकर 79,212 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 207 अंक या 0.86% की गिरावट रही, ये 24,039 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। अडाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और जौमेटो के शेयर करीब 3.50% गिरकर बंद हुए। TCS, इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में मामूली तेजी रही।

निफ्टी के 50 में से 41 शेयरों में गिरावट रही। NSE का निफ्टी मीडिया इंडेक्स सबसे ज्यदा 3.24% गिरा। वहीं, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स में 2% से ज्यादा की गिरावट रही। IT इंडेक्स 0.72% चढ़ा।

MP-राजस्थान समेत 25 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट



देश भर में अभी दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं। अधिकतर राज्यों में जहां भीषण गर्मी है, तो पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। सिक्किम में लगातार हो रही बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं।

राजधानी गंगटोक से करीब 100 किलोमीटर दूर लाचेनचुंगथांग रोड पर मुंशीथांग और लेमा/बॉब में पर्यटकों की करीब 200 गाड़ियां फंसी हुई हैं। उनमें सवार पर्यटक एक गुरुद्वारे में ठहरे हुए हैं। लाचुंग और लाचेन तक पहुंचने वाले रास्ते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे पर्यटकों का निकला मुश्किल हो गया है।

लाचुंग और लाचेन हिल स्टेशन हैं, जो गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। सिक्किम में अगली सूचना तक पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी गई है। उनके ट्रैवल परमिट भी रद्द कर दिए गए हैं।

दूसरी तरफ, अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले के दिरांग इलाके में कई एकड़ जंगल आग ती चपेट में है। गुरुवार रात जंगल में आग के वीडियो सामने आए, जिसमें पूरा पहाड़ धधकता दिखा। पुलिस, फायर सर्विस, स्थानीय प्रशासन और लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

कठुआ में दिखे 4 संदिग्ध, सेना ने तलाशी शुरू की:स्थानीय लोगों ने सुरक्षाबलों को जानकारी दी थी; सुबह बांदीपोरा में एक आतंकी मारा गया



कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार दोपहर 4 संदिग्ध नजर आए। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी सेना को दी। लोगों के मुताबिक छन अरोरियन गांव में संदिग्ध दिखे। सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई हैं। पूरा इलाका घेरा गया है। इससे पहले बांदीपोरा में कुलनार अजस में आज सुबह सेना-आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ, जिसमें 1 आतंकी मारा गया। ऑपरेशन में 2 जवान भी घायल हुए। मारे गए आतंकी का नाम अल्ताफ बताया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पिछले 2 दिन में यह चौथा एनकाउंटर रहा। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 24 अप्रैल को उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में एनकाउंटर हुआ। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स और LG मनोज सिन्हा ने X पर रैंक 6 PARA SF के शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा - मुठभेड़ में फायरिंग के दौरान हमारे एक बहादुर को गंभीर चोटें आईं और बाद में इलाज के समय उसकी मौत हो गई। एनकाउंटर ऑपरेशन अभी भी जारी है। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर (OGW) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ OGW पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे।

बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी। नाका चेकिंग के दौरान मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें चीनी हैंड ग्रेनेड 02, 7.62 एमएम मैगजीन 01 और 7.62 एमएम के 30 राउंड शामिल हैं।राउंड बरामद किए गए।

सुप्रीम कोर्ट बोला- राहुल को इतिहास-भूगोल नहीं मालूम:सावरकर पर टिप्पणी के लिए फटकार, जज बोले- फ्रीडम फाइटर्स के खिलाफ अनाप-शनाप न बोलें



सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने राहुल की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस दत्ता ने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर कहा था।

जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या महात्मा गांधी को अंग्रेजों का नौकर कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने भी वायसराय को लिखी अपनी चिट्ठियों में 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था।

दत्ता ने राहुल के वकील एएम सिंघवी से पूछा, 'क्या आपके मुवक्किल को पता है कि उनकी दादी इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं, तो उन्होंने भी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की तारीफ करते हुए एक चिट्ठी भेजी थी। जब आपको भारत के इतिहास या भूगोल के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आप हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते।'

आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट:सोना 617 गिरकर 95,669 पर आया, चांदी 97,513 किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

आज यानी 25 अप्रैल को सोने और चांदी में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 617 कम होकर 95,669 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,286 थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 121 गिरकर 97,513 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,634 प्रति किलो था। वहीं सोने ने 21 अप्रैल को 1 लाख का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

BSF जवान को कैद में रखने का मामला बढ़ा:बीएसएफ DG ने गृह सचिव से बात की



पंजाब में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से पकड़े BSF जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने 48 घंटे बाद भी नहीं छोड़ा। जवान को छुड़ाने के लिए BSF के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी (DG) ने इसे लेकर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से बात की है। इससे पहले BSF और पाकिस्तानी रेंजर्स की मीटिंग भी बेनतीजा रही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव है। पाकिस्तानी रेंजर्स के रवैये को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

उधर, मीडिया से बातचीत करते हुए BSF जवान पीके साहू के भाई श्यामसुंदर साहू ने केंद्र सरकार और BSF अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि सरकार उनकी सुरक्षित और तत्काल वापसी सुनिश्चित करे। पूरा परिवार बेहद चिंतित है"।

BSF जवान की पत्नी रजनी साहू ने कहा-

मैंने उनसे आखिरी बार मंगलवार रात को बात की थी। मैं बस यही चाहती हूं कि वे जल्द ही घर लौट आएं।

बता दें कि बुधवार को साहू गलती से फिरोजपुर में भारत-पाक बॉर्डर की जीरो लाइन क्रॉस कर गए थे। जिसके बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया। उनके हथियार छीन लिए और फिर आंख पर पट्टी बांधकर कैद की फोटो भी जारी की।

पूर्व ISRO चीफ के. कस्तूरीरंगन नहीं रहे:84 की उम्र में अंतिम सांस ली



इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) के पूर्व चीफ डॉ के कस्तूरीरंगन की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। वह 84 साल के थे। अधिकारियों ने बताया कि कस्तूरीरंगन ने बेंगलुरु में अपने घर पर अंतिम सांस ली। 27 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) में रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद से वे बीमार चल रहे थे।

कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक ISRO चीफ थे। उन्हीं के नेतृत्व में ISRO ने चंद्रयान जैसे बड़े मिशनों की योजना बनानी शुरू की थी। वे न्यू एजुकेशन पॉलिसी (NEP) की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष भी थे।

UPA सरकार में योजना आयोग के सदस्य रहे

कस्तूरीरंगन ने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चांसलर और कर्नाटक नॉलेज कमीशन के अध्यक्ष के रूप में काम किया था। वे 2003 से 2009 तक राज्यसभा के सदस्य थे। UPA सरकार के दौरान कस्तूरीरंगन ने योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया। कस्तूरीरंगन अप्रैल 2004 से 2009 तक बेंगलुरु स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के डायरेक्टर भी थे। वे केंद्र की कई कमेटियों का नेतृत्व किया या उनमें शामिल रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण सहित कई मुद्दों पर सरकार को सलाह दी।



संपादकीय : सख्ती का संदेश

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले का स्वरूप ऐसा है कि भारत सरकार के लिए इस मसले पर ठोस कार्रवाई करना वक्त की जरूरत है। इसलिए भारत ने इस बर्बर घटना के बाद सख्त कदम उठाते हुए अगर पाकिस्तान को साफ संदेश दिया है तो यह स्वाभाविक है। यह जगजाहिर हकीकत है कि भारत में आतंकवादी गतिविधियों के पीछे पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। इसलिए भारत के सामने अब एक तरह की मजबूरी आ खड़ी हुई है कि वह आतंकवाद और उसे शह देने वाले देश के खिलाफ नीतिगत स्तर पर कोई ठोस कदम उठाए । इसी क्रम में गुरुवार को भारत ने पाकिस्तान के विरुद्ध कई कड़े कदम उठाने की घोषणा की। इनमें पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, दूतावास में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में कटौती, अटारी वाघा सीमा को बंद करना और सबसे अहम छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करना शामिल हैं। जाहिर है, भारत की ओर से आतंक के विरुद्ध उठाए गए ये कदम पाकिस्तान को नागवार गुजरेंगे, लेकिन सच यह है कि लंबे समय से भारत में आतंकवाद की समस्या को और ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की जो भूमिका रही है, उसने कई स्तर पर मुश्किलें खड़ी की हैं। दूसरी ओर, आतंकवाद को बढ़ावा देने में अपने भूमिका पर शर्मिंदा होने के बजाय पाकिस्तान इस मसले पर आमतौर पर अपनी हठधर्मिता ही प्रदर्शित करता रहा है। इस बार भी जब भारत ने कुछ सख्ती दिखाई तो हकीकत स्वीकार करने के बजाय पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई के तौर पर भारत के साथ द्विपक्षीय शिमला समझौते को निलंबित करने, हवाई क्षेत्र और सीमाओं को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाने की घोषणा कर दी। सवाल है कि ऐसा करके पाकिस्तान क्या साबित करना चाहता है। पहलगाम में आतंकी हमला आतंकवादियों के अपने एजेंडे के लिए क्रूरता की हर हद को पार करने की मंशा का सबूत है। वरना क्या कारण है कि कश्मीर गए जिन पर्यटकों का उद्देश्य वहां घूमना-फिरना और प्रकृति के सौंदर्य के बीच खुशी के कुछ पल गुजारना था, उन्हें भी मार डालने में आतंकियों को कोई हिचक नहीं हुई। इस हमले का एक सीधा असर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर चोट भी है। सवाल है कि इस तरह की क्रूरता करके आतंकवादी किसके हित में काम कर रहे हैं। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत सबूतों के साथ आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करता रहा है। मगर पाकिस्तान हर बार इसे महज आरोप बताता है। जबकि भारतीय सीमा में घुसपैठ से लेकर आए दिन होने वाले आतंकी हमलों में पाकिस्तान के संरक्षण के तथ्य सामने आते रहे हैं। फिलहाल पाकिस्तान जल संकट से दो-चार है और ऐसे में अगर भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की है तो इससे पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी। पहलगाम में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें काफी लोगों की मौत के बाद भारत ने जो सख्त कदम उठाने की घोषणा की है, उसमें यह संदेश साफ है कि अगर पाकिस्तान आतंक के रास्ते भारत को अस्थिर करने और निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी संगठनों को समर्थन और शह देना जारी रखता है तो उसे इसके नतीजे भी भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

नाउम्मीदी के बीच

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और आर्थिक सहयोग विकास संगठन के बाद विश्व बैंक ने जिस तरह भारत के वृद्धि अनुमान में 0.5 फीसद तक की कटौती की है, उससे बहुत निराश होने की जरूरत नहीं है। मगर सवाल यह है कि जब हम भारत को अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे कर रहे हैं, तो आखिर क्या वजह है कि वृद्धि अनुमान बार- बार डगमगाते दिखते हैं। यह सच है अमेरिका की नई व्यापार नीति के बाद छिड़े शुल्क संग्राम के बीच दुनियाभर में अनिश्चितता का माहौल है। चीन से उसका टकराव बढ़ने से स्थितियां बिगड़ी ही हैं। वहीं पिछले एक दशक में आए कई झटकों की वजह से पूरे दक्षिण एशिया के देशों के पास मौजूदा वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए सीमित उपाय ही हैं। इस बीच वैश्विक एजेंसियों ने भारत का वृद्धि अनुमान घटा कर एक तरह से हमें सचेत किया है। हालांकि यह उम्मीद अब भी है कि देश तेजी से बढ़ रही दुनिया का प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और वैश्विक स्तर पर आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने पर भी भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2-6.7 की दर से बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक को भी उम्मीद है। कि अर्थव्यवस्था इसी दर से बढ़ती रहेगी। भारत के आर्थिक विकास में गिरावट की जो वजहें बताई जा रही हैं, उनमें नीतिगत अनिश्चितता तो है ही, वहीं सार्वजनिक पूंजी निवेश भी घटा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में हम उम्मीद से कम विकास कर पाए हैं. तो इसे गंभीरता से लेना होगा। उद्योग, कृषि व्यापार और कई क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के दौरान हमें यह भी देखना होगा कि विकास के क्रम में अगर आम आदमी पीछे छूट रहा है, तो इसका क्या कारण है। चिंता की बात है कि उपभोग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए करों में कटौती और कई बदलावों के बावजूद निजी निवेश की गति मंद पड़ रही है। समाज का अंतिम जन आगे नहीं बढ़ पा रहा है। हमें इस पर सोचना होगा, क्योंकि अर्थव्यवस्था की धुरी में उसकी भी उपस्थिति है । ऐसी कुछ नाउम्मीदियों के बीच भी यह उम्मीद बाकी है कि देश आगे बढ़ता रहेगा ।

सांसद बोले- मोदी घर के अंदर घुसकर मारते हैं:रावत ने कहा- हमारा आक्रोश बना रहे, आतंकवादी हमले के विरोध में झाड़ोल-कोटड़ा में बाजार रहा बंद



24 न्यूज अपडेट

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उदयपुर में प्रदर्शन किया गया। झाड़ोल में सुबह 11 बजे तक बाजार बंद रहे और कोटड़ा में रैली निकाली गई। उदयपुर सांसद ने कहा- हमारे प्रधानमंत्री ठोक कर निर्णय करते है और अंदर घुसकर मारते हैं। उदयपुर जिला परिषद में जन सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा- बॉर्डर लाइन नहीं बॉर्डर से 100 किलोमीटर अंदर आकर सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया है। राष्ट्रीय हित सबसे पहले है और सरकार ने तत्काल निर्णय किए है।

डॉ. रावत ने कहा- मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ने बिहार में जो कहा है, वह संकेत दे दिए हैं। हमारे पीएम मोदी के पास 56 इंच का सीना हैं। वे ठोक कर निर्णय करते हैं और घर के अंदर घुसकर मारते हैं। इस घटना को लेकर हमारे और आपके मन में जो भाव और आक्रोश है, वह बना रहे। दिवंगत के प्रति सच्ची पुष्पांजलि यही होगी कि सरकार बड़ा एक्शन ले।

11 बजे तक झाड़ोल बंद रहा

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की घटना से आक्रोशित होकर सर्वसमाज के आह्वान पर व्यापारियों ने आज झाड़ोल कस्बे को सुबह 11 बजे तक बंद रखा। व्यापारी और ग्रामीण सुबह 9.30 बजे पुराना बस स्टैंड पर एकत्रित हुए, जहां से जुलूस निकालते हुए कोर्ट चौराहा पहुंचे। कोर्ट चौराहा पर सभी ने मृतकों के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए सभी ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी ने एसडीएम प्रतिनिधि को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

सांसद स्थानीय विकास योजना मद से उदयपुर संसदीय क्षेत्र के 18 कॉलेजों को एक-एक लाख रुपए की किताबें उपलब्ध होंगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पूरे राजस्थान में विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के लिए पहला और अनूठा प्रयोग किया है। सांसद ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत उदयपुर संसदीय क्षेत्र के सभी राजकीय महाविद्यालयों में युवा केन्द्र की स्थापना और जनजाति युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कॉलेजों में 1-1 लाख रुपए मूल्य की पुस्तकें उपलब्ध करवाने की अनुशंसा की है। सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि ये किताबें युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। कई कॉलेजों में उन्होंने देखा कि विद्यार्थियों को कोर्स की किताबें उपलब्ध नहीं है इसलिए उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत किताबें उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया। सभी कॉलेजों को एक-एक लाख की किताबें उपलब्ध होंगी जिनकी सूची भी साथ में दी गई है। जिन कॉलेजों को यह किताबें उपलब्ध करवाई जाएगी उनमें राजकीय महाविद्यालय, धरियावद, राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़, राजकीय महाविद्यालय, सराड़ा, राजकीय महाविद्यालय, सेमारी, हाडारानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सलूम्बर, राजकीय महाविद्यालय, लसाड़िया, राजकीय कन्या महाविद्यालय, खेरवाड़ा, राजकीय महाविद्यालय, खेरवाड़ा, राजकीय महाविद्यालय, ऋषभदेव, राजकीय महाविद्यालय, झाडोल, राजकीय गहाविद्यालय, बड़गांव, राजकीय महाविद्यालय, कोटड़ा, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर, राजकीय महाराणा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, उदयपुर, राजकीय महाविद्यालय, नयागांव, राजकीय महाविद्यालय, गोगुन्दा, राजकीय महाविद्यालय, साबला, डूंगरपुर तथा राजकीय वीरबाला कालीबाई कन्या महाविद्यालय, डूंगरपुर शामिल हैं।

हर रविवार मच्छरों पर वार: मलेरिया-डेंगू की रोकथाम को लेकर जिला स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष बेहद संगठित और प्रभावशाली रणनीति तैयार की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. शंकर एच. बामनिया के निर्देशन में यह कार्ययोजना विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप साकार रूप ले रही है। डॉ. बामनिया ने बताया कि वर्ष 2024 में जिन क्षेत्रों में मलेरिया और डेंगू के सर्वाधिक मामले दर्ज हुए थे, उन्हें इस बार प्रारंभ से ही चिन्हित कर लिया गया है। नगर निगम एवं अन्य विभागों के समन्वय से इन क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन (मच्छर उत्पत्ति के स्रोतों की समाप्ति), फॉगिंग और घर-घर सर्वे की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर फॉगिंग शीघ्र शुरू की जाएगी और हर घर में एंटी लार्वा व एंटी एडल्ट गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। साथ ही इनकी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

हर रविवार होगा जन-जागरूकता अभियान

'हर रविवार मच्छरों पर वार' अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि वे प्रत्येक रविवार अपने घरों में पानी से भरे पात्र—कूलर, टब, गमले, ट्रे, छत पर पड़े कबाड़ और फ्रिज की ट्रे—को खाली कर सुखाएं। इस प्रयास से मच्छरों के प्रजनन को रोकने में बड़ी सफलता की उम्मीद है। मलेरिया क्रैश कार्यक्रमः 1.97 लाख घरों का सर्वे

जिले में मलेरिया क्रैश कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 अप्रैल से 14 मई तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक 1,97,410 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। सर्वे में बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान, रक्त जांच, सोर्स रिडक्शन, एंटी-लार्वल गतिविधियाँ और जन-जागरूकता पर बल दिया गया है।

आगामी चरणों की कार्ययोजना

15 मई से 31 जुलाई 2025 तक जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में अल्फा साईफरमेथ्रिन के छिड़काव का पहला चरण। जून 2025 को मलेरिया रोधी माह के रूप में मनाते हुए समस्त गतिविधियों का संचालन। 16 मई को विश्व डेंगू दिवस मनाया जाएगा। जुलाई 2025 को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जाएगा। 1 अगस्त से 15 अक्टूबर 2025 तक अल्फा साइपरमेथ्रिन का दूसरा चरण चलेगा। नगर निगम, उदयपुर द्वारा मानसून पूर्व एवं पश्चात दो चरणों में पूरे निगम क्षेत्र में फॉगिंग करवाई जाएगी। कोटड़ा क्षेत्र जैसे मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया है। मलेरिया क्रैश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन 50 घरों का सर्वे कर रिपोर्ट ऑनलाइन की जा रही है। इसी प्रकार डेंगू, चिकनगुनिया और स्क्रब टाइफस के लिए भी पूर्व तैयारी करते हुए विभाग अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर रहा है। प्रशिक्षण, तकनीकी संसाधन और एनसीडी पर फोकस एएनएम को टेमीफोस (एंटी लार्वा केमिकल) के छिड़काव की प्रशिक्षण प्रदान की गई है।

सभी संस्थानों को विशेष कार्य योजना बनाकर उस पर अमल करने के निर्देश दिए गए हैं।

सर्वे कार्य करते समय जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर जाने की सलाह दी गई है ताकि लोगों में जागरूकता और सहयोग की भावना पैदा की जा सके। गर्मी में चलने वाली हीट वेव से प्रभावित रोगियों के लिए संस्थानों पर रेपिड रिस्पॉन्स टीम गठित की गई है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिपोर्टिंग और रोग पहचान एस, पी और एल फार्म की ऑनलाइन एंट्री आईएचआईपी पोर्टल पर समय पर किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही, सभी संस्थानों में एनसीडी क्लिनिक पर 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की बीपी (रक्तचाप) और शुगर की जांच कर रिपोर्ट एनसीडी पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेप की कोशिश करने वाले को 7 साल की सजा



24 न्यूज अपडेट

2 महीने पहले चंदेरिया थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से रेप की कोशिश के मामले में पोक्सो कोर्ट-1 के पीठासीन अधिकारी लता गौड़ ने आरोपी को 7 साल की सजा सुनाई। साथ ही, 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। आरोपी ने चार साल की एक बालिका से रेप करने की कोशिश की थी। उसी दौरान बच्ची की मां ने देख लिया था। इस मामले में पुलिस का काम भी काफी सराहनीय रहा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सिर्फ 28 दिनों में चालान पेश कर दिया। कोर्ट ने भी सिर्फ दो महीने आठ दिनों में अपनी कार्रवाई पूरी कर ली थी। सजा की खबर सुनते ही आरोपी की पत्नी कोर्ट रूम के बाहर फूट-फूट कर रोने लगी।

खेलती हुई बच्ची को ले गया था अपने घर

लोक अभियोजक गोपाल लाल जाट ने बताया कि 18 फरवरी की रात को पीड़िता की मां और आरोपी (विशेष समुदाय) की पत्नी दोनों बाहर बैठकर बात कर रहे थे। पास में 4 साल की बच्ची खेल रही थी। खेलते-खेलते अचानक गायब हो गई। जब उसकी मां और आसपास के लोगों ने ढूंढना शुरू किया तो बच्ची आरोपी के घर पर मिली। आरोपी सलीम बालिका से रेप की कोशिश कर रहा था। सबके चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी वहां से भाग निकला। सूचना पर मौके पर चंदेरिया थानाधिकारी सुनीता गुर्जर सहित जाब्ता पुलिस पहुंची। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस का सराहनीय काम, पुलिस की केस ऑफिसर स्किम का प्रभाव

उन्होंने बताया कि चंदेरिया थानाधिकारी सुनीता गुर्जर और उनकी पूरी टीम की तरफ से जल्द से जल्द कार्रवाई की गई। सिर्फ 28 दिनों में यानी 17 मार्च को आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया। प्रकरण को केस ऑफिसर स्कीम में चयनित कर एएसआई सुरेंद्र सिंह को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया। केस ऑफिसर एएसआई सुरेंद्र सिंह और कोर्ट एलसी कांस्टेबल अशोक कुमार ने गवाहों के न्यायालय में शीघ्र बयान करवाए। चालान के 1 महीने 9 दिन और अपराध के 2 महीने 8 दिन बाद कोर्ट की तरफ से यह सजा सुनाई गई।

40 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

दोनों पक्षों की बहस सुनी गई। लोक अभियोजक ने 15 गवाह और 23 डॉक्यूमेंट्स पेश किए। इसके बाद पोक्सो कोर्ट-1 की पीठासीन अधिकारी लता गौड़ ने आरोपी को दोषी पाया। उसे पोक्सो के अलग-अलग धाराओं में कुल 7 साल की सजा सुनाई और 40000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही, पीड़ित प्रतिकर से 50 हजार रुपए बालिका को दिए जाएंगे।

फूट-फूट कर रो पड़ी आरोपी की पत्नी

सजा सुनने के बाद आरोपी की पत्नी कोर्ट के बाहर ही फूट-फूट कर रोने लगी। इस मामले में आरोपी की तरफ से सिर्फ दो गवाह थे। एक वो खुद और दूसरा उसका बेटा। आरोपी ने पुराने एक विवाद के चलते झूठा आरोप लगाना बताया। लेकिन यह झूठा पाया गया।

दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर:केबिन में फंसा ड्राइवर



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा में स्टेट हाईवे मोड़ पर दो ट्रक की आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के केबिन डैमेज हो गए और एक ट्रक का ड्राइवर केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग ड्राइवर को केबिन से निकालने में जुट गए।

मामला भीलवाड़ा के बनेड़ा थाना क्षेत्र के मानपुरा मोड़ का है। यहां दो ट्रकों की आमने सामने की टक्कर हो गई। एक ट्रक बनेड़ा से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था, दूसरा ट्रक बनेड़ा की ओर जा रहा था। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि एक ट्रक का ड्राइवर अंदर फंस गया और गंभीर घायल हो गया ।

मौके पर जमा भीड़ द्वारा फंसे हुए ट्रक ड्राइवर को निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर बनेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची है। इस विकट मानपुर मोड पर पहले भी कई बार जानलेवा ऐक्सिडेंट हो चुके हैं।

अवैध रूप से हो रही थी पहाड़ियों की कटाई:3 पोकलेन मशीन और 2 डंपर जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के खेमली पंचायत समिति की चंदेसरा ग्राम पंचायत में गातार अवैध रूप से हो रही पहाड़ियों की कटाई से ग्रामीण परेशान हैं। सरपंच गोविंद सेवक के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण पहाड़ों की कटाई को रोकने के लिए मौके पर पहुंचे। मौके से तीन फॉकलैंड मशीन के साथ ही दो डंपर को रोका गया। फिर तुरंत खान विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर खान विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी भी मौके पर पहुंचे।

सरपंच गोविंद सेवक ने बताया कि श्री भमरेशी माताजी मंदिर वाली पहाड़ी को एक व्यवसायी द्वारा लगातार खुर्दबुर्द किया जा रहा है। इस पहाड़ी से ग्रामीणों की आस्था भी जुड़ी हुई है। ग्रामीण राकेश गोपावत, गजेंद्र सोनावत, राहुल आदि ने बताया कि पूर्व में भी व्यवसायी द्वारा उसकी खातेदारी जमीन पर केमिकल युक्त प्लास्टिक कचरा बिखेर दिया था। जिसको खाने से ग्रामीणों की कई गायों की मृत्यु हो गई थी।

अब खातेदारी जमीन के अलावा चारागाह जमीन वाली पहाड़ी को खुर्दबुर्द किया जा रहा है। मौके पर पहुंचे खनन विभाग के अधिकारियों के साथ ही रेवेन्यू विभाग से तहसीलदार ने मौका रिपोर्ट बनाई। फिर डबोक थाना पुलिस को बुलाया गया। मौके से अवैध खनन कर रही तीन फ़ॉकलैंड मशीन के साथ ही दो डंपर किए जब्त कर लिए।


सीरियल किलर दीपक नायर ने तीन हत्याओं के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए गढ़ी अलग-अलग कहानियां, वेब सीरीज और फिल्में देखने का आदी

24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. भीलवाड़ा में मंदिर के गार्ड और दो दोस्तों का धारदार हथियार से मर्डर करने वाला आरोपी दीपक नायर (45) पुलिस को लगातार गुमराह कर रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गार्ड और दो दोस्तों ने उसकी बहन के साथ गलत किया, इसलिए उन्होंने उन्हें मार डाला। हालांकि, पुलिस की जांच में आरोपी के बारे में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दीपक ने पहले भी कानून के साथ संघर्ष किया था। भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाने में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने और उत्पात मचाने के मामले में उसे 10 पुलिसकर्मियों द्वारा मुश्किल से काबू किया गया था। इसके अलावा, केरल में भी उसने तीन पहियों पर कार दौड़ाकर कई वाहनों को टक्कर मारी थी, जिस पर लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की थी।

मंदिर में गार्ड की हत्या और दो दोस्तों की शवों की बरामदगी

23 अप्रैल की रात करीब 2 बजे दीपक नायर ने सुभाषनगर इलाके में स्थित अयप्पा मंदिर में गार्ड लाल सिंह रावणा (55) की खुरपे से हत्या कर दी थी। हत्या के बाद, उसने गार्ड के प्राइवेट पार्ट को काटकर गले पर रख दिया। गार्ड पिछले 15 साल से मंदिर में कार्यरत था। इस वारदात के एक घंटे बाद, पुलिस ने दीपक को हिरासत में ले लिया। पुलिस की जांच में 24 अप्रैल को दीपक के घर पर दो अन्य शव मिले, जो उसी तरह हत्या किए गए थे जैसे गार्ड की हत्या की गई थी। इन दोनों दोस्तों के शवों के प्राइवेट पार्ट भी धारदार



हथियार से काटे गए थे।

मेडिकल जांच और हत्या की गंभीरता

मेडिकल जूरिस्ट डॉ. अनुपम बंसल ने बताया कि तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। गार्ड के शरीर पर 20 से ज्यादा घाव थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद भी उसके शरीर पर लगातार वार किए गए थे। गार्ड के शरीर में गहरे घाव और कट के निशान मिले। वहीं, दो दोस्तों के चेहरों पर जलने के निशान थे और उनकी मौत 48 घंटे पहले हो चुकी थी। दीपक का अतीत और गुस्सा बढ़ता गया दीपक नायर के बचपन के दोस्त ने बताया कि दीपक का गुस्सा कई सालों से बढ़ रहा था। वह बचपन में शांत स्वभाव का था, लेकिन समय के साथ उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई। वह आईटीआई के बाद चित्तौड़गढ़ और निंबाहेड़ा में प्राइवेट काम करता था और भीलवाड़ा के अयप्पा मंदिर का ट्रस्टी भी था। दीपक की शादी नहीं हुई थी, और वह केरल के एक परिवार से था।

मनोचिकित्सक का कहनाः ऐसे पेशेंट का दिमागी नियंत्रण नहीं रहता

भीलवाड़ा के मनोचिकित्सक डॉ. वीरभान चंचलानी ने दीपक की मानसिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे पेशेंट्स का दिमागी नियंत्रण नहीं रहता। उनके दिमाग में लगातार एक स्टोरी सेट हो जाती है और वे किसी भी व्यक्ति को अपना दुश्मन मानकर उसके साथ बर्बरता कर सकते हैं। हत्या के तरीके से साफ पता चलता है कि दीपक पर हत्या करने की धुन सवार थी। डीएसपी श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि अभी तक हत्या के कारण साफ नहीं हो पाए हैं। दीपक नायर अलग-अलग कहानियां बना कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। कभी वह कहता है कि गार्ड और दो दोस्तों ने उसकी बहन के साथ गलत किया, इसलिए उन्होंने उन्हें मार डाला। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आरोपी से लगातार पूछताछ की जा रही है। दीपक नायर के खिलाफ भीलवाड़ा में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 से लेकर अब तक उसके खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और लूट के मामले दर्ज किए गए हैं। 2015 में उसने प्रतापनगर थाने में पुलिसकर्मियों से मारपीट की थी, और 2020 में एक कार शोरूम में घुसकर ट्रायल की बात कहकर कार लेकर फरार हो गया था। केरल में भी है आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड केरल में भी दीपक के खिलाफ पब्लिक और पुलिस से मारपीट का मामला दर्ज है। वहां उसने 25 किलोमीटर तक कार को तीन पहियों पर दौड़ाया था और कई वाहनों को टक्कर मारी थी। इस दौरान लोग उसे पकड़ कर पीटने में सफल रहे थे।

अजमेर में साले ने जीजा का किया मर्डरःहत्या के बाद पास की झोपड़ी में सोता रहा; पुलिस को बोला- नशे में भूख-प्यास से मर गया



जीजा, सीताराम (30) | साला, मस्तराम (38)

24 न्यूज अपडेट

अजमेर में एक साले ने अपने जीजा की हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। मृतक के मुंह से खून निकल रहा था, लेकिन साले ने पुलिस को बताया कि उसके जीजा नशे की हालत में थे और भूख, प्यास व गर्मी के कारण उनकी मृत्यु हुई है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव साले को सौंप दिया।

मामले में नया मोड़ तब आया जब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मृतक के शरीर के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें थीं और आंतों में अत्यधिक फ्रैक्चर पाए गए। इन चोटों के कारण ही मौत हुई थी। पुलिस की कड़ी पूछताछ में साले ने जीजा की हत्या स्वीकार की और बताया कि जीजा ने उसे गाली-गलौज की थी।

आक्रोश में आकर उसने पहले डंडे से शरीर पर हमला किया और बाद में ईंट से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पास वाली झोपड़ी में सो गया। दरअसल, मामला 13 अप्रैल का है, जब हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र की एक झोपड़ी में पुलिस को शव मिला था।

झोपड़ी से आई बदबू, मिला युवक का शव

सब इंस्पेक्टर पारुल यादव ने बताया कि 13 अप्रैल को लोगों को बदबू आने पर झोपड़ी में लाश होने की थाने पर सूचना मिली थी। थाना प्रभारी महावीर प्रसाद जाब्ते के साथ प्रजापति छात्रावास के पीछे पहुंचे थे। जहां पर मध्य प्रदेश निवासी कोडरी सीताराम (30) पुत्र रघुनाथ का शव मिला था। जो मजदूरी का काम करते थे।

पुलिस को गुमराह कर शव ले गया MP

सब इंस्पेक्टर पारुल यादव ने बताया कि मौके पर मौजूद मृतक का साला मस्तराम ने पुलिस को बताया कि वह अपने जीजा के साथ झोपड़ी में रहकर मजदूरी करता है। उसका जीजा तीन-चार दिन से काम पर नहीं जा रहा था और शराब पी रहा था। साले ने पुलिस को गुमराह करते हुए बताया कि जीजा नशे की हालत में भूख-प्यास व गर्मी से मर गया होगा। बाद में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवा कर शव साले को सुपुर्द किया और वह शव लेकर मध्य प्रदेश चला गया।

मौत की वजह बनी शरीर पर मिली चोटें

सब इंस्पेक्टर पारुल यादव ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया था। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मृतक के बाएं तरफ लगी चोटों के कारण मृत्यु हुई है। आंतों में अत्यधिक फ्रैक्चर मिले हैं। मेडिकल जूरिस्ट की रिपोर्ट के बाद थाना प्रभारी महावीर प्रसाद की रिपोर्ट पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

गाली-गलौज से आया गुस्सा, डंडे और ईंट से की हत्या

सब इंस्पेक्टर पारुल यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश से मृतक के साले को पूछताछ के लिए गुरुवार को अजमेर बुलाया गया। सख्ती से पूछताछ में उसने जीजा का मर्डर करना कबूल किया। साले ने बताया कि जीजा उसे लगातार शराब के नशे में गाली-गलौज करता था। 11 अप्रैल की रात में भी उसने गाली-गलौज की थी। आक्रोश में आकर उसने पहले डंडे से शरीर पर हमला किया और बाद में ईंट से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पास वाली झोपड़ी में सो गया और रोजाना जाकर जीजा को देखता रहता था। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया गया है।

किरोड़ी बोले-JJM घोटाले में शामिल अफसरों को भी पकड़े ईडीःकेवल महेश जोशी को पकड़कर इतिश्री न हो, मैंने अफसरों के खिलाफ भी सबूत दिए थे



24 न्यूज अपडेट

जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी के बाद सियासत भी तेज हो गई है। सियासी वार-पलटवार के बीच अब कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने जेजेएम घोटाले में शामिल अफसरों को पकड़ने की मांग की है।

किरोड़ी ने कहा- मैं ईडी से कहना चाहता हूं कि उस वक्त जो हेड ऑफ डिपार्टमेंट थे, टॉप लेवल पर जो ब्यूरोक्रेट बैठे थे। उनके भी प्रमाण दिए हैं, केवल महेश जोशी को पकड़कर इतिश्री न हो। जिन अफसरों ने जेजेएम में भ्रष्टाचार किया, वे पकड़े जाएं। किरोड़ी ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से ये बात कही।

महेश जोशी के खिलाफ मैंने ही ईडी को प्रमाण दिए थे, देर हुई लेकिन अंधेर नहीं

किरोड़ी ने कहा- पहले कहा गया मगरमच्छ नहीं पकड़े जा रहे। 60 थानेदार पकड़े गए, एक आरएएस पकड़ा गया। जल जीवन मिशन में घोटाला हमने उजागर किया था। मैंने तीन दिन तक अशोक नगर थाने पर एफआईआर दर्ज करने के लिए धरना दिया था, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। उल्टा मुझे गिरफ्तार करके ले गए।

किरोड़ी मीणा ने कहा- मुझे बड़ी संतुष्टि है कि हमारी केंद्र और राज्य की सरकार करप्शन पर जीरो टॉलरेंस में भरोसा करती है। देर हुई, लेकिन अंधेर नहीं हुई। आखिरकार महेश जोशी जिनके प्रमाण मैंने ईडी को दिए थे, वो सही पाए गए और उनको गिरफ्तार किया गया।

महेश जोशी के खिलाफ सबूत थे, राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई नहीं

महेश जोशी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई के कांग्रेस नेताओं के आरोपों पर किरोड़ी ने कहा- इसे राजनीतिक प्रतिशोध इसलिए नहीं कहा जा सकता कि डेढ़ साल पहले जो शिकायत ली गई। उसमें बड़ी गहराई से जांच करने के बाद में यह कार्रवाई की है।

किरोड़ी ने कहा- आनन-फानन में महेश जोशी को गिरफ्तार करते तो आप यह कह सकते थे। इसमें श्याम ट्यूबवेल कंपनी, गणपति ट्यूबवेल कंपनी की गड़बड़ी और पदम जैन गिरफ्तार हुआ है। उनका सहयोगी संजय बड़ाया था। उसके गिरफ्तार होने के बाद ईडी ने गहराई से जांच की।

किरोड़ी मीणा ने कहा- इसमें कोई राजनीति नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री राजनीति करने के लिए भाषण दे रहे हैं। पूरा प्रदेश यह मानता है, जल जीवन मिशन में भयंकर घोटाला हुआ है। 20 हजार करोड़ के टेंडर फाइनेंस कमेटी ने पास किए थे।

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए करीब 900 करोड़ के घोटाले में गुरुवार को दिनभर ईडी के अधिकारियों ने जोशी से पूछताछ की थी।

जोधपुर में गुमशुदगी के बढ़े मामलेःहॉस्पिटल में जांच के लिए आई महिला गायब, परीक्षा देने गई लड़की घर नहीं लौटी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर में गुमशुदगी के शुक्रवार को पांच मामले सामने आए। इसमें पार्लर जाने का बोलकर निकली महिला घर पर नहीं लौटी, जबकि उम्मेद हॉस्पिटल में जांच के लिए आई महिला बाथरूम जाने का बोलकर निकल गई जो अभी तक वापस नहीं लोटी।

पहला मामला मंडोर थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया बताया कि उनकी पत्नी बिना बताए घर से निकल गई जो अभी तक वापस नहीं लौटी है।

दूसरा मामला मथानिया थाने में दर्ज हुआ। जिसमें एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 19 साल की बेटी घर से परीक्षा देने का बोलकर निकली थी और इसके बाद वापस भी नहीं लौटी।

खांडा फलसा थाने में एक युवक ने रिपोर्ट दी। बताया कि उनकी बेटी की तबीयत खराब होने पर वह अपनी पत्नी के साथ उमेद हॉस्पिटल में डॉक्टर को चेक करवाने के लिए आए थे। यहां अस्पताल परिसर में उनकी पत्नी बाथरूम करने का बोलकर निकल गई जो अभी तक वापस नहीं लौटी।

चौथा मामला वेस्ट जिले के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में सामने आया। यहां पर एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी। बताया कि उनकी पत्नी बेटे को लेकर पार्लर जाने का बोलकर निकली लेकिन वापस घर पर नहीं लौटी।

वहीं कुड़ी थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। बताया कि गंगा विहार कुड़ी हाउसिंग बोर्ड से उनकी पत्नी बिना बताए घर से निकल गई, जिनका कोई पता नहीं चल सका है।

प्लेसमेंट एजेंसी से लगे 53 नर्सिंग अफसर हटाए, टीकाराम जूली बोले-हमारा कानून लागू कर सरकार दे सकती है राहत



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजधानी जयपुर के जयपुरिया अस्पताल में प्लेसमेंट एजेंसी से लगे नर्सिंग ऑफिसर्स को हटाने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है. ऐसे 53 नर्सिंग अधिकारियों का टेंडर रिन्यू करने के बजाए उन्हें अलग रजिस्टर में दस्तखत करा काम कराया जा रहा है. इनका छह माह का वेतन भी बकाया है. ऐसे नर्सिंग अधिकारियों की मांग लेकर राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात की व अपनी पीड़ा बताई. जूली ने उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया. प्रदेशभर में इसी तरह प्लेसमेंट एजेंसीज के जरिए पांच से सात हजार कर्मचारी लगे हैं. जयपुरिया अस्पताल में 53 कर्मचारी लगे हैं. इनका छह माह का वेतन बाकी है.

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा, नर्सिंग अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर पीड़ा बताई है. प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए इन कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है. बार-बार प्लेसमेंट एजेंसियां बदली जा रही है. हमारी सरकार में संविदाकर्मियों के लिए कानून बना था. इसे लागू कर सरकार इन कर्मचारियों को राहत दे सकती है, लेकिन सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है. अभी अधिकारियों से बात कर जो संभव होगी, मदद की जाएगी.

एसएमएस में पहले हटाए, फिर वापस लगाएः राजस्थान नर्सिंग ऑफिसर यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने बताया कि पहले एसएमएस अस्पताल में प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए लगे नर्सिंग ऑफिसर को हटा दिया था. तब धरना और वार्ता कर उन कार्मिकों को राहत दिलवाई गई थी. अब राजधानी के जयपुरिया अस्पताल में प्लेसमेंट एजेंसी से लगे नर्सिंग अधिकारियों को हटा दिया गया. जहां भी प्लेसमेंट एजेंसी है, वहां टेंडर खत्म कर नए कर्मचारी लगाए जाते हैं.

चिकित्सा मंत्री के दावों पर पानी फेर रहे अधिकारीः चौधरी ने कहा कि इनकी सेवा बहाल करने के लिए टीकाराम जूली से मांग की. पूरे मामले की जांच का भी आग्रह किया. उन्होंने कहा कि टेंडर खत्म कर इन कर्मचारियों से खाली रजिस्टर में दस्तखत करा ड्यूटी कराई जा रही है. एक तरफ चिकित्सा मंत्री प्रदेश में चिकित्सा सुविधा सुधारने का दावा करते हैं. आरोप लगाया कि वहीं, अधिकारी मनमर्जी कर सरकार को बदनाम करने पर उतारू हैं.

दौसा में थाना मण्डावर पुलिस ने किया वृद्धा से मारपीट कर चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा



24 न्यूज अपडेट


जयपुर 25 अप्रैल। दौसा जिले की थाना मण्डावर पुलिस ने बुधवार अलसुबह केशव नगर के एक मकान में घुस वृद्धा से मारपीट कर चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा कर आरोपी भीम सिंह उर्फ पप्पू सैन पुत्र मनोहर लाल (27) निवासी सतानंद कॉलोनी मंडावर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध चोरी, नकबजनी व आर्म्स एक्ट के 7 मुकदमें दर्ज है।

एसपी सागर राणा ने बताया कि घटना के संबंध में केशव नगर निवासी हितेंद्र कुमार महाजन द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसके बड़े भाई स्वर्गीय नरेंद्र कुमार सिंघल का मकान भी केशव नगर में स्थित है। जहां हमारी मां और भाई की दो बच्चियां रहती है। 23 अप्रैल की सुबह करीब चार-पांच बजे एक अज्ञात चोर मकान में घुस गया और कमरे में रखे सामान को चोरी की नीयत से खंगालने लगा। अलमारी में रखे ढाई से तीन चोरी कर लिए। इसी दौरान उसकी मां जाग गई तो आरोपी ने मारपीट की, जिससे मां अचेत हो गई। शोर सुनकर भतीजी बाहर आई, जिसने चोर को भागते हुए देखा है। मारपीट से मेरी मां के सिर व मुंह पर चोट आई है।

वृद्ध महिला से मारपीट की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी राणा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु शरण राव व सीओ महवा रमेश चंद तिवारी के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गठित टीम द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई कर मात्र 24 घंटे में घटना का खुलासा कर आरोपी भीम सिंह उर्फ पप्पी सैन को गिरफ्तार कर लिया है।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल पंकज कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल मनोज कुमार, मोहन कुमार, देवेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, संदीप सिंह और प्रताप सिंह भी शामिल थे।

इंदौर की महिला से अजमेर में गैंगरेपःविरोध करने पर बेटी का अपहरण कर रेलवे स्टेशन पर छोड़ा; पुलिस ने मामला दर्ज किया



24 न्यूज अपडेट

अजमेर में एक महिला के साथ सामूहिक गैंगरेप का मामला सामने आया है। इंदौर की रहने वाली पीड़िता ने अपने मकान मालिक के किराएदार और उसके चार दोस्तों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपी महिला को रहने की जगह दिलाने का झांसा देकर अजमेर ले आया, जहां उसके साथ गैंग रेप किया गया।

पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम से बाहर गया था, तभी मकान मालिक ने उसे घर से निकाल दिया। इसी दौरान बिल्डिंग में रहने वाला एक किराएदार उसे मदद का आश्वासन देकर अजमेर ले आया। यहां उसने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर बलात्कार किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी मासूम बेटी का अपहरण कर लिया और उसे रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़ दिया, जहां से पुलिस ने बच्ची को चाइल्ड केयर सेंटर में भर्ती कराया।

पीड़िता ने इंदौर के थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसे जीरो नंबर एफआईआर के तहत अजमेर के दरगाह थाने में भेजा गया। दरगाह पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कहां गए कैमरे, कौन डाल रहा है आयड़ में भराव, 75 करोड़ खर्च होने के बाद भी क्यों है ये हाल, विधायक ने दिए सीमांकन व फेंसिंग के निर्देश, मलबा डालने वालों पर होगी कार्रवाई, अस्थायी पुलिया हटाने की तैयारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आयड़ की विकासलीला को दिखाने के लिए 75 करोड़ खर्च हो गए मगर अब इसमें लोग कचरा डाल रहे हैं। पहले बताया गया था कि हाई पावर कैमरे लगाए जाएंगे जिससे यहां कोई भी गतिविधि होने पर उसे संज्ञान में लिया जा सकेगा मगर धरातल पर हालत ये हो गई है कि आयड़ में लोग थोक के भाव कचरा डाल रहे हैं और जमकर भराव डालकर इसको इंपिग यार्ड में तब्दील करने जा रहे हैं। इन लोगों में डर नहीं है क्योंकि अब तक किसी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन सुस्त है व नेताओं के जगाने पर ही जागता है, हरकत में आता है। आयड़ की सुभाषनगर पुलिया पर सहित अन्य जगहों पर इसके साक्षात दर्शन भी किए जा सकते है। शहर विधायक ताराचंद जैन ने शुक्रवार सुबह अलीपुरा क्षेत्र में आयड़ नदी का दौरा कर वहां चल रहे कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नदी में डाले गए मलबे और अवैध भराव को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और निगम अधिकारियों को इसे शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नदी की सीमाओं के शीघ्र सीमांकन, बाउंड्री वॉल और फेंसिंग के कार्यों को गति देने के आदेश दिए। विधायक जैन ने निरीक्षण के दौरान देखा कि नदी के पेटे में किसी ने भारी मात्रा में मलबा डाल दिया है। स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि रात के समय ट्रैक्टरों के माध्यम से यह भराव डाला जा रहा है, जिसके लिए अस्थायी रूप से एक पुलिया बनाई गई है। विधायक ने इसे खतरनाक बताते हुए तुरंत इस पुलिया को हटाने और संबंधित वाहनों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी ने आश्वासन दिया कि गैराज शाखा के माध्यम से भराव हटाया जाएगा और सड़क के बीच लोहे के खंभे लगाए जाएंगे ताकि भारी वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। सीमांकन के बाद होगी फेंसिंग, लगाए जाएंगे पेड़ विधायक ने मौके पर मौजूद उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी, यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा और गिर्वा तहसीलदार रणजीत सिंह को निर्देश दिए कि आयड़ नदी की सीमाओं का त्वरित रूप से सीमांकन किया जाए। उन्होंने कहा कि बाउंड्री वॉल और फेंसिंग के बीच की खाली जगह में पाथवे बनाया जाए और वहां पेड़ लगाए जाएं, ताकि आमजन नदी किनारे भ्रमण कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नई पुलियाएं सीधी और इतनी चौड़ी होनी चाहिए कि केवल दोपहिया वाहन ही गुजर सकें। कब्जाधारियों के खिलाफ सख्ती का संकेत मौके पर ठेकेदार ने बताया कि फेंसिंग कार्य में कब्जाधारी बाधा डालते हैं और उनके साथ मारपीट व पथराव की घटनाएं भी हुई हैं। इस पर विधायक ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस जाब्ता मुहैया कराया जाए और यदि कोई अवरोध उत्पन्न करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीसीएएम पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, अभियंता दिनेश पंचोली, नगर निगम अभियंता मुकेश पुजारी, भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद नानालाल वया, प्रताप सिंह, निवर्तमान पार्षद रेखा उंटवाल, महेश भावसार सहित स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे।

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में अंजुमन तालीमुल इस्लाम ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

निर्दोष नागरिकों की हत्या पर जताई गहरी पीड़ा, आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का आह्वान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को अंजुमन तालीमुल इस्लाम, उदयपुर द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में अंजुमन कमेटी और मुस्लिम समाज ने इस वीभत्स हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अंधाधुंध गोलीबारी की यह कायराना घटना न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध है, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी सीधा आघात है। समिति ने इस आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता प्रकट की। आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का आह्वान ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि "आतंकवाद का कोई मज़हब नहीं होता" और ऐसी हिंसक विचारधारा रखने वाले तत्वों को समाज से पूरी तरह बहिष्कृत किया जाना चाहिए। मुस्लिम समाज ने राष्ट्रवासियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हों और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। अंजुमन ने अपने संदेश में कहा कि भारत विविधता में एकता का प्रतीक है और ऐसी घटनाएं देश को बांट नहीं सकतीं। सभी धर्मों, समुदायों और विचारधाराओं के लोगों को मिलकर आतंकवाद का डटकर विरोध करना चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं पुनः न हों।

रिश्वत में कौमी एकता-सीआई दिलीपसिंह ने वकील शरीफ खान के मार्फत मांगी 6.30 लाख की रिश्वत, एसीबी ने किया ट्रैप, 2.50 लाख लेते रंगे हाथों पकड़ा

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, बांसवाड़ा। कौमी एकता की कमी देश में जरूर महसूस की जा रही हो मगर रिश्वतखोरी में यह अब भी कायम है। पैसों के लालच में वकील अपने पवित्र पेशे को छोड़ दलाल बन गया और जनता का रक्षक सीआई धनभक्षक बन गया। बांसवाड़ा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए राजतालाब थानाधिकारी सीआई दिलीपसिंह चारण और उसके करीबी वकील शरीफ खान को गिरफ्तार किया। आरोप है कि दोनों ने एक परिवादी महिला से संपत्ति कुर्की की कार्रवाई से राहत दिलाने के नाम पर 6.30 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। एसीबी एएसपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि परिवादिनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके परिजनों के खिलाफ राजतालाब थाने की ओर से कुर्की



की कार्रवाई के तहत कुछ वाहन जब्त किए गए थे। शेष संपत्ति और वाहन जब्त नहीं करने तथा आगे परेशान नहीं करने की एवज में सीआई दिलीपसिंह ने वकील शरीफ खान के माध्यम से 6.30 लाख रुपये की रिश्वत मांगी।

एसीबी ने दो चरणों में की कार्रवाई

एसीबी ने शिकायत की पुष्टि के लिए 22 और 23 अप्रैल को सत्यापन कराया। इस दौरान आरोपी दलाल 3.50 लाख रुपये में सौदा तय करने को तैयार हो गया। बुधवार को पहली किश्त के रूप में 1 लाख रुपये राजतालाब थाना परिसर में लिए गए। इसके अगले दिन गुरुवार को जब वकील शरीफ खान बाकी के 2.50 लाख रुपये परिवादी के घर लेने पहुंचा तो पहले से तैनात एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। शरीफ की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में सीआई की भूमिका स्पष्ट होने पर एसीबी की टीम ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित उसके क्वार्टर पर दबिश दी और तलाशी के बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि सीआई दिलीपसिंह चारण की गिरफ्तारी और पूरे घटनाक्रम का खुलासा एसीबी ने रात करीब 11 बजे किया। एसीबी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी शरीफ खान वकालत का अभ्यास नहीं कर रहा था, लेकिन वह थानाधिकारी का करीबी था और पूरे रिश्वत प्रकरण में बिचौलिया बनकर भूमिका निभा रहा था। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

लू प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था के प्रति रहें पूर्ण गंभीरः जिला कलक्टर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 अप्रेल। राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में जिला कलक्टर ने लू प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल व चिकित्सा व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसमें कुछ स्थलों पर हैंडपंप बंद होने, नई मोटर के अभाव में नलकूप शुरू नहीं होने जैसी समस्याएं सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता से जवाब-तलब करते हुए आगामी 30 अप्रेल तक सभी हैंडपंप शुरू कराने के निर्देष दिए। साथ ही उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को सप्ताह में 2 से 3 दिन फील्ड विजिट कर सामान्य व्यवस्थाएं सुनिष्चित करने के निर्देष दिए। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को भी लगातार आमजन से संपर्क में रहकर उनकी पेयजल समस्या का त्वरित निस्तारण करने के लिए पाबंद किया।

संवाद से सुलझती हैं समस्याएं

जिला कलक्टर ने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में पेयजल सहित अन्य समस्याएं रहती हैं। इससे आमजन को परेषानी होती है। उस पर यदि विभाग या अधिकारियों के स्तर पर सही रेस्पोंस नहीं मिलता है तो लोगों की नाराजगी बढ़ती है। बेहतर यही है कि हम आमजन से नियमित संपर्क में रहते हुए संवाद कायम रखें। इससे क्षेत्र की समस्याएं भी समय पर मिलेंगी और उनका निस्तारण भी त्वरित हो सकेगा। इसके अलावा यदि कोई बड़ी समस्या है जिसके निस्तारण में समय लग रहा हो तो संपर्क और संवाद से लोगों में विष्वास बना रहता है।

पंचायत समिति स्तर पर हैंडपंप पाइप के लिए टेण्डर

बैठक में बंद पड़े हैंडपंप को दुरूस्त कराने में पाइप की कमी की समस्या सामने आई। इस पर जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को पंचायत समिति से समन्वय कर प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक लाख रूपए के पाइप की खरीद के लिए टेण्डर प्रक्रिया कराने के निर्देष दिए। ताकि संबंधित क्षेत्र में समय रहते हैंडपंप दुरूस्त कराते हुए आमजन को राहत प्रदान की जा सके।

सभी अस्पतालों में चाकचौबंद हों व्यवस्थाएं

जिला कलक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के सभी अस्पतालों का दौरा कर वहां पेयजल, दवाइयों की उपलब्धता आदि सुनिष्चित करने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि भामाषाहों से संपर्क कर अस्पतालों में शीतल जल की व्यवस्था की जा सकती है।

राजस्व प्रकरणों पर चर्चा, दिए निर्देश

बैठक में जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने नामांतरण, भूमि आवंटन, पत्थरगढ़ी, भू रूपांतरण सहित विभिन्न प्रकरणों की उपखण्ड वार जानकारी साझा की। जिला कलक्टर ने न्यून उपलब्धि वालेअधिकारियों से जवाब लेते हुए आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए भूमि आवंटन प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी, गोगुन्दा एसडीएम शुभम् भैसारे सहित सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, सीएमएचओ डॉ अशोक आदिव्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एनपीए को कम करने और दीर्घकालिक ऋण वितरण पर जोर, सहकारी बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों की संभागीय बैठक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 अप्रेल। उदयपुर संभाग के सहकारी बैंकों तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रतापनगर स्थित प्रधान कार्यालय सभागार में दी राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेषक संजय पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैंठक से पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मद्देनजर बैंक प्रधान कार्यालय के बाहर शीतल जल प्याउ का उद्घाटन शीर्ष बैंक प्रबन्ध निदेषक तथा संभाग की अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्रीमती गुंजन चौबे द्वारा किया गया। बैंठक के प्रारंभ में उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबन्ध निदेषक अनिमेष पुरोहित ने गत वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय दिया तथा पैक्स कम्प्यूटराईजेषन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 4 समितियों को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र के दौरान ही तीन समितियों को माइक्रो ए.टी.एम. का वितरण किया गया। तीन काष्तकारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 लाख रूपए के सांकेतिक चैक भी वितरित किए गए। श्री पाठक ने संभाग के सभी सहकारी बैंकों के बिजनेस पेरामीटर्स की समीक्षा करते हुए एनपीए की राषि को न्यूनतम करने पर तथा अल्पकालीन ऋण के अतिरिक्त दीर्घकालीन कृषि एवं अकृषि ऋण वितरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान सहकार से समृद्धि की सभी 54 पहलों पर विभाग की सभी संस्थाओं को कार्ययोजना बना कर कार्य करना चाहिए। बजट घोषणा के अन्तर्गत गोदाम निर्माण करवाकर समितियों की भंडारण क्षमता में वृद्धि की जाए। साथ ही साथ व्यवस्थापकों को अन्य व्यवसाय अपना कर समिति की वित्तीय सक्षमता को सुदृढ करने के लिए भी प्रेरित किया जाए। श्री पाठक ने पैक्स कम्प्यूटराईजेषन योजना पर चर्चा करते हुए गो-लाईव से शेष रही सभी समितियों को इसी माह के अन्त तक गो-लाईव करने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आषुतोष भट्ट ने संभाग की समितियों की ऑडिट की अद्यतन प्रगति से अवगत करवाया। श्री पाठक ने प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए वर्ष 2024-25 की ऑडिट नियमानुसार प्रस्ताव लेने हेतु सुझाव दिया। बैठक में उदयपुर संभाग के सभी सहकारी बैकों के प्रबंध निदेषक, जिला ईकाईयों के उप रजिस्ट्रार, विषेष लेखा परीक्षक एवं डेयरी पदाधिकारी उपस्थित रहे। अन्त में केन्द्रीय सहकारी बैक के प्रबन्ध निदेषक अनिमेष पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ धर्मेष मोटवानी ने किया।

ओडीओपी ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीयन प्रारम्भ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 25 अप्रेल। बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान, 2024 के तहत भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य की समस्त एक जिला-एक उत्पाद विनिर्माता इकाईयों का ऑनलाईन पंजीकरण किया जाना है। प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा ओडीओपी पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए एक आवेदन पत्र राजस्थान सिंगल साइन ऑन एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाईन कर दिया है।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि एक जिला - एक उत्पाद से संबंधित इकाईयों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 के तहत देय समस्त लाभ भी इसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन दिये जाने प्रस्तावित है। एक जिला- एक उत्पाद अंतर्गत उदयपुर जिले से मार्बल एवं ग्रेनाईट उत्पाद को सम्मिलित किया गया है। ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, इकाई का पैन कार्ड, उत्पादन तिथि, प्रथम विक्रय बिल/वर्तमान विक्रय बिल, उद्यम रजिस्ट्रेशन, उत्पाद के फोटो आदि दस्तावेज आवश्यक है ।

श्री शर्मा ने बताया कि एक जिला - एक उत्पाद योजनान्तर्गत नवीन सूक्ष्म उद्यमो को प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 15 लाख रूपए मार्जिन मनी अनुदान, नवीन लघु उद्यमों को 15 प्रतिशत या अधिकतम 20 लाख रूपए मार्जिन मनी अनुदान तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/विकलांग/यंग उद्यमी जिनकी आयु 35 वर्ष से कम है उनको 5 लाख रूपए का अतिरिक्त मार्जिन मनी अनुदान दिया जाएगा। साथ ही एक जिला एक उत्पाद योजनान्तर्गत पात्र इकाईयों को तकनीक/सॉफ्टवेयर अर्जन हेतु योजना, गुणवता प्रमाणन एवं मानकों हेतु सहायता योजना, बाजार सहायता हेतु योजना तथा ई-कॉमर्स प्रोन्नति हेतु योजना का लाभ भी देय है।

एकलिंगनाथ सेवा संगठन की ओर से पहला दहेज मुक्त सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह 17 मई को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से 17 मई को सर्व समाज का दहेज मुक्त व पूर्ण रुप से आडंबर रहित सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 11 जोडो का पंजीयन हो चुका है तथा 5 मई तक विवाह योग्य जोडे पंजीयन करवा सकते हैं। श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बाडी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि राजस्थान का यह पहला ऐसा सामूहिक विवाह समारोह है जिसमें सर्व समाज के जोडे भाग ले सकते हैं और दुल्हा दुल्हन पक्ष को किसी प्रकार का शुल्क भी नहीं देना होगा। केवल एक ही शर्त रहेगी कि यह विवाह समारोह पूरी तरह दहेज मुक्त और आडंबर रहित होगा। विवाह की सारी व्यवस्थाएं संगठन की ओर से की जा रही है। बागडी ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह 17 मई को सभी वैवाहिक कार्यक्रमों के बाद रात को मां अंबे के नाम एक भजन संध्या भी होगी। अपराह्न करीब 3 बजे दुल्हा-दुल्हन की शोभायात्रा बोहरा गणेशजी मंदिर से प्रारंभ होगी जो महासतिया चौराहे पर सत्यम गार्डन पहुंचेगी। शोभायात्रा में हाथी, घोडी, बग्गिया और बैंडबाजे होंगे। बागडी ने बताया कि दोनों परिवारों की ओर से 50-50 लोग आमंत्रित होंगे। बागडी ने बताया कि जो भी जरुरतमंद जोडे हैं जो आर्थिक कारणों से विवाह नहीं कर पा रहे हैं वे 5 मई तक अपने आवेदन उनके मोबाइल नंबर 9358387480 पर कॉल करके कर सकते हैं। श्री बागडी ने बताया कि उन्होंने समाज सेवा के लिए सुखाडिया विश्वविद्यालय के फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग में एक वाटर कूलर भी लगवाया है और शनिवार को महिला थाने में भी एक आरओ लगवाया जाएगा। संगठन के संरक्षक निर्मल कुमार पंडित ने बताया कि लडका-लडकी दोनों बालिग होने चाहिए और दोनों में वैवाहिक संबंध की आपसी सहमति होनी चाहिए। दुल्हा व दुल्हन से 30 साल का एग्रीमेंट होगा कि वे इस अवधि में आपसी विवाद होने पर कोर्ट या थाना जाने की बजाए पहले संगठन से चर्चा करेंगे। संगठन की ओर से दोनों की दो बार काउंसलिंग होगी और उसके बाद भी बात नहीं बनती है तो दूल्हा पक्ष एक लाख रुपए दुल्हन पक्ष को देकर अपनी आगे की कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न समाजों के अध्यक्ष और महामंत्री से भी अपील की है कि वह अपने समाज में अगर ऐसे कोई जरूरतमंद जोड़े हैं तो उन्हें वह सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह से जोड़े। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर तैयारियां अभी से शुरु हो गई है। बैंड बाजे, टेंट, भोजन व्यवस्था आदि तैयारियां पूरी हो चुकी है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।